Roll No.
रोल नं.

**Series SSR**

Code No. **67/1**
कोड नं.

- Please check that this question paper contains 15 printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains 16+7+6 questions.
- Please write down the serial number of the question before attempting it.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 15 हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 16+7+6 प्रश्न हैं ।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।

# ACCOUNTANCY

# लेखाशास्त्र

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

**General Instructions :**

(i) *This question paper contains three parts A, B and C.*

(ii) *Part A is* **compulsory** *for all candidates.*

(iii) *Candidates can attempt only* **one** *part of the remaining parts B and C.*

(iv) *All parts of the questions should be attempted at one place.*

**सामान्य निर्देश :**

(i) *यह प्रश्न-पत्र तीन भागों में विभक्त है – क, ख और ग ।*

(ii) *भाग क सभी छात्रों के लिए* **अनिवार्य** *है ।*

(iii) *शेष भाग ख और ग में से कोई* **एक** *भाग हल करना है ।*

(iv) *किसी प्रश्न के सभी भागों के उत्तर एक ही स्थान पर लिखिए ।*

## PART A

**(Not for Profit Organisations, Partnership Firms and Company Accounts)**

## भाग क

**(अलाभकारी संगठन, साझेदारी फर्म तथा कम्पनी खाते)**

1. Distinguish between Income and Expenditure Account and Receipt and Payment Account on the basis of nature of items recorded therein. 1

आय तथा व्यय खाते एवं प्राप्ति तथा भुगतान खाते में लेखा की जाने वाली मदों की प्रकृति के आधार पर अन्तर बताइए ।

2. Ram and Mohan are partners in a firm without any partnership deed. Their capitals are Ram Rs. 8,00,000 and Mohan Rs. 6,00,000. Ram is an active partner and looks after the business. Ram wants that profit should be shared in proportion of capitals. State with reason whether his claim is valid or not. 1

राम तथा मोहन एक फर्म में साझेदार हैं, उनके मध्य कोई साझेदारी संलेख नहीं है । उनकी पूँजियाँ निम्न प्रकार हैं : राम 8,00,000 रु. तथा मोहन 6,00,000 रु. । राम एक सक्रिय साझेदार है तथा व्यवसाय की देखरेख करता है । राम चाहता है कि लाभ का विभाजन पूँजियों के अनुपात में हो । कारण देकर बताइए कि उसका दावा सही है अथवा नहीं ।

3. Define goodwill. 1

ख्याति की परिभाषा दीजिए ।

4. State any two reasons for the preparation of 'Revaluation Account' on the admission of a partner. 1

साझेदार के प्रवेश पर 'पुनर्मूल्यांकन खाता' बनाने के कोई दो कारण बताइए ।

5. Give the meaning of 'minimum subscription'. 1

'न्यूनतम अभिदान' का अर्थ दीजिए ।

6. Calculate the amount of sports material to be debited to the Income and Expenditure Account of Capital Sports Club for the year ended 31.3.2007 on the basis of the following information :

| | 1.4.2006<br>Rs. | 31.3.2007<br>Rs. |
|---|---|---|
| Stock of sports material | 7,500 | 6,400 |
| Creditors for sports material | 2,000 | 2,600 |

Amount paid for sports material during the year was Rs. 19,000. 3

निम्नलिखित सूचना के आधार पर 31.3.2007 को समाप्त हुए वर्ष के लिए केपिटल स्पोर्ट्स क्लब के आय तथा व्यय खाते में डेबिट की जाने वाली क्रीड़ा सामग्री की राशि की गणना कीजिए :

| | 1.4.2006<br>रु. | 31.3.2007<br>रु. |
|---|---|---|
| क्रीड़ा सामग्री का स्टॉक | 7,500 | 6,400 |
| क्रीड़ा सामग्री के लेनदार | 2,000 | 2,600 |

वर्ष के दौरान क्रीड़ा सामग्री के लिए 19,000 रु. का भुगतान किया गया ।

7. Samta Ltd. forfeited 800 equity shares of Rs. 100 each for the non-payment of first call of Rs. 30 per share. The final call of Rs. 20 per share was not yet made. Out of the forfeited shares 400 were re-issued at the rate of Rs. 105 per share fully paid up.

Pass necessary journal entries in the books of Samta Ltd. for the above transactions. 3

समता लि. ने 30 रु. प्रति अंश की प्रथम याचना का भुगतान प्राप्त न करने पर 100 रु. प्रत्येक वाले 800 समता अंशों का हरण कर लिया । इन अंशों पर 20 रु. प्रति अंश की अन्तिम याचना की माँग अभी तक नहीं की गई थी । हरण किए गए अंशों में से 400 अंशों का 105 रु. प्रति अंश की दर से पूर्ण प्रदत्त पुनः निर्गमन कर दिया गया ।

समता लि. की पुस्तकों में उपर्युक्त लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए ।

8. Deepak Ltd. purchased furniture Rs. 2,20,000 from M/s Furniture Mart. 50% of the amount was paid to Furniture Mart by accepting a bill of exchange and for the balance the company issued 9% debentures of Rs. 100 each at a premium of 10% in favour of Furniture Mart.

Pass necessary journal entries in the books of Deepak Ltd. for the above transactions. 3

दीपक लि. ने मै. फर्नीचर मार्ट से 2,20,000 रु. का फर्नीचर खरीदा । राशि के 50% का भुगतान फर्नीचर मार्ट को विनिमय बिल की स्वीकृति देकर किया गया तथा शेष के लिए कम्पनी ने फर्नीचर मार्ट के नाम पर 100 रु. प्रत्येक के 9% ऋणपत्रों का 10% के अधिलाभ पर निर्गमन किया ।

उपर्युक्त लेनदेनों के लिए दीपक लि. की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए ।

9. Kumar and Raja were partners in a firm sharing profits in the ratio of 7 : 3. Their fixed capitals were : Kumar Rs. 9,00,000 and Raja Rs. 4,00,000. The partnership deed provided for the following but the profit for the year was distributed without providing for :

(i) Interest on capital @ 9% per annum.

(ii) Kumar's salary Rs. 50,000 per year and Raja's salary Rs. 3,000 per month.

The profit for the year ended 31.3.2007 was Rs. 2,78,000.

Pass the adjustment entry. 4

कुमार तथा राजा एक फर्म में साझेदार थे तथा 7 : 3 के अनुपात में लाभ विभाजित करते थे । उनकी स्थायी पूँजियाँ निम्न प्रकार थीं : कुमार 9,00,000 रु. तथा राजा 4,00,000 रु. । साझेदारी संलेख में निम्नलिखित का प्रावधान था लेकिन उपर्युक्त का ध्यान किए बिना ही वर्ष के लिए लाभ का विभाजन कर दिया गया :

(i) पूँजी पर ब्याज 9% प्रति वर्ष की दर से ।

(ii) कुमार का वेतन 50,000 रु. प्रति वर्ष तथा राजा का वेतन 3,000 रु. प्रति माह ।

31.3.2007 को समाप्त हुए वर्ष के लिए लाभ 2,78,000 रु. था ।

समायोजन प्रविष्टि कीजिए ।

10. P, Q and R were partners in a firm sharing profits in 2 : 2 : 1 ratio. The firm closes its books on 31 March every year. P died three months after the last accounts were prepared. On that date the goodwill of the firm was valued at Rs. 90,000. On the death of a partner his share of profit in the year of death was to be calculated on the basis of the average profits of the last four years. The profits of last four years were :

| | |
|---|---|
| Year ended 31.3.2007 | Rs. 2,00,000 |
| Year ended 31.3.2006 | Rs. 1,80,000 |
| Year ended 31.3.2005 | Rs. 2,10,000 |
| Year ended 31.3.2004 | Rs. 1,70,000 (Loss) |

Pass necessary journal entries for the treatment of goodwill and P's share of profit on his death. Show clearly the calculation of P's share of profit. 4

पी, क्यू तथा आर एक फर्म में साझेदार थे तथा 2 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । फर्म अपनी पुस्तकें प्रति वर्ष 31 मार्च को बंद करती है । पिछले अन्तिम खातों के बनाने के तीन माह के पश्चात् पी का देहान्त हो गया । उस तिथि को फर्म की ख्याति का मूल्यांकन 90,000 रु. किया गया । किसी साझेदार की मृत्यु के समय फर्म के लाभ में मृत्यु के वर्ष में उसका अंश फर्म के पिछले चार वर्षों के औसत लाभ के आधार पर ज्ञात किया जाएगा । पिछले चार वर्षों का लाभ निम्न प्रकार था :

| | |
|---|---|
| 31.3.2007 को समाप्त हुए वर्ष के लिए | 2,00,000 रु. |
| 31.3.2006 को समाप्त हुए वर्ष के लिए | 1,80,000 रु. |
| 31.3.2005 को समाप्त हुए वर्ष के लिए | 2,10,000 रु. |
| 31.3.2004 को समाप्त हुए वर्ष के लिए | 1,70,000 रु. (हानि) |

पी की मृत्यु के समय उसके ख्याति के अंश तथा लाभ के अंश के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । लाभ में पी के भाग की गणना को स्पष्ट दर्शाइए ।

11. Sagar Ltd. was registered with an authorised capital of Rs. 1,00,00,000 divided into 1,00,000 equity shares of Rs. 100 each. The company offered for public subscription 60,000 equity shares. Applications for 56,000 shares were received and allotment was made to all the applicants. All the calls were made and were duly received except the second and final call of Rs. 20 per share on 700 shares. Prepare the Balance Sheet of the company showing the different types of share capital. 4

सागर लि. 1,00,00,000 रु. की अधिकृत पूँजी से पंजीकृत है जो कि 100 रु. प्रत्येक के 1,00,000 समता अंशों में विभक्त है । कम्पनी ने 60,000 समता अंशों के अभिदान के लिए जनता को आमन्त्रित किया । 56,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए तथा सभी आवेदकों को अंशों का आबंटन कर दिया गया । सभी याचनाएँ माँगी गईं लेकिन 700 अंशों पर 20 रु. प्रति अंश की दर से द्वितीय तथा अन्तिम याचना को छोड़कर, सभी माँगें प्राप्त हो गईं । विभिन्न प्रकार की अंश पूँजी को दर्शाते हुए कम्पनी का स्थिति विवरण बनाइए ।

12. Following is the Receipt and Payment Account of Indian Sports Club for the year ended 31.12.2006 :

| Receipts | Amount Rs. | Payments | Amount Rs. |
|---|---|---|---|
| Balance b/d | 10,000 | Salary | 15,000 |
| Subscriptions | 52,000 | Billiards Table | 20,000 |
| Entrance Fee | 5,000 | Office Expenses | 6,000 |
| Tournament Fund | 26,000 | Tournament Expenses | 31,000 |
| Sale of old newspapers | 1,000 | Sports Equipment | 40,000 |
| Legacy | 37,000 | Balance c/d | 19,000 |
| | 1,31,000 | | 1,31,000 |

*Other Information :*

On 31.12.2006 subscription outstanding was Rs. 2,000 and on 31.12.2005 subscription outstanding was Rs. 3,000. Salary outstanding on 31.12.2006 was Rs. 1,500.

On 1.1.2006 the club had building Rs. 75,000, furniture Rs. 18,000, 12% investment Rs. 30,000 and sports equipment Rs. 30,000. Depreciation charged on these items including purchases was 10%.

Prepare Income and Expenditure Account of the Club for the year ended 31.12.2006 and ascertain the Capital Fund on 31.12.2005. 6

31.12.2006 को समाप्त हुए वर्ष के लिए इंडियन स्पोर्ट्स क्लब का प्राप्ति तथा भुगतान खाता निम्नलिखित है :

| प्राप्ति | राशि रु. | भुगतान | राशि रु. |
|---|---|---|---|
| शेष आ/आ | 10,000 | वेतन | 15,000 |
| अंशदान | 52,000 | बिलियर्ड्स टेबल | 20,000 |
| प्रवेश शुल्क | 5,000 | कार्यालय खर्चे | 6,000 |
| खेलकूद निधि | 26,000 | खेलकूद खर्चे | 31,000 |
| पुराने समाचार-पत्रों की बिक्री से प्राप्त | 1,000 | खेलकूद उपस्कर | 40,000 |
| वसीयत | 37,000 | शेष आ/ले | 19,000 |
| | 1,31,000 | | 1,31,000 |

अन्य सूचना :

31.12.2006 को अदत्त अंशदान 2,000 रु. तथा 31.12.2005 को अदत्त अंशदान 3,000 रु. था । 31.12.2006 को अदत्त वेतन 1,500 रु. था ।

1.1.2006 को क्लब के पास 75,000 रु. का भवन, 18,000 रु. का फर्नीचर, 30,000 रु. के 12% विनियोग तथा 30,000 रु. के खेलकूद उपस्कर थे । इन मदों पर क्रय की गई मदों सहित 10% मूल्यह्रास लगाया गया ।

31.12.2006 को समाप्त हुए वर्ष के लिए क्लब का आय तथा व्यय खाता तैयार कीजिए तथा 31.12.2005 को पूँजी कोष ज्ञात कीजिए ।

**13.** K and Y were partners in a firm sharing profits in 3 : 2 ratio. They admitted Z as a new partner for $1/3^{rd}$ share in the profits of the firm. Z acquired his share from K and Y in 2 : 3 ratio. Z brought Rs. 80,000 for his capital and Rs. 30,000 for his $1/3^{rd}$ share as premium. Calculate the new profit sharing ratio of K, Y and Z and pass necessary journal entries for the above transactions in the books of the firm. 6

के तथा वाई एक फर्म में साझेदार थे तथा 3 : 2 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । उन्होंने फर्म में 1/3 लाभ के लिए ज़ैड को एक नया साझेदार बनाया । ज़ैड ने के तथा वाई से अपने लाभ का अंश 2 : 3 के अनुपात में प्राप्त किया । ज़ैड अपनी पूँजी के लिए 80,000 रु. तथा लाभ के 1/3 अंश के लिए 30,000 रु. प्रीमियम के रूप में लाया । के, वाई तथा ज़ैड का नया लाभ विभाजन अनुपात ज्ञात कीजिए तथा फर्म की पुस्तकों में उपर्युक्त लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए ।

**14.** Pass necessary journal entries in the books of Varun Ltd. for the following transactions : 6

(i) Issued 58,000, 9% debentures of Rs. 1,000 each at a premium of 10%.

(ii) Converted 350, 9% debentures of Rs. 100 each into equity shares of Rs. 10 each issued at a premium of 25%.

(iii) Redeemed 450, 9% debentures of Rs. 100 each by draw of lots.

वरुण लि. की पुस्तकों में निम्नलिखित लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए :

(i) 1,000 रु. प्रत्येक के 58,000, 9% ऋणपत्रों का निर्गमन 10% के अधिलाभ पर किया ।

(ii) 100 रु. प्रत्येक के 350, 9% ऋणपत्रों को 10 रु. प्रत्येक के 25% के अधिलाभ पर निर्गमित किए गए समता अंशों में परिवर्तित किया गया ।

(iii) 100 रु. प्रत्येक के 450, 9% ऋणपत्रों का शोधन लॉटरी द्वारा किया गया ।

15. R, S and T were partners in a firm sharing profits in 2 : 2 : 1 ratio. On 1.4.2004 their Balance Sheet was as follows :

| Liabilities | Amount Rs. | Assets | Amount Rs. |
|---|---|---|---|
| Bank Loan | 12,800 | Cash | 51,300 |
| Sundry Creditors | 25,000 | Bills Receivable | 10,800 |
| Capitals : | | Debtors | 35,600 |
| R 80,000 | | Stock | 44,600 |
| S 50,000 | | Furniture | 7,000 |
| T 40,000 | 1,70,000 | Plant and Machinery | 19,500 |
| Profit and Loss A/c | 9,000 | Building | 48,000 |
| | 2,16,800 | | 2,16,800 |

S retired from the firm on 1.4.2004 and his share was ascertained on the revaluation of assets as follows :

Stock Rs. 40,000; Furniture Rs. 6,000; Plant and Machinery Rs. 18,000; Building Rs. 40,000; Rs. 1,700 were to be provided for doubtful debts. The goodwill of the firm was valued at Rs. 12,000.

S was to be paid Rs. 18,080 in cash on retirement and the balance in three equal yearly instalments.

Prepare Revaluation Account, Partner's Capital Accounts, S's Loan Account and Balance Sheet on 1.4.2004. 8

**OR**

D and E were partners in a firm sharing profits in 3 : 1 ratio. On 1.4.2007 they admitted F as a new partner for $1/4^{th}$ share in the firm which he acquired from D. Their Balance Sheet on that date was as follows :

| Liabilities | Amount Rs. | Assets | | Amount Rs. |
|---|---|---|---|---|
| Creditors | 54,000 | Land and Building | | 50,000 |
| Capitals : | | Machinery | | 60,000 |
| D 1,00,000 | | Stock | | 15,000 |
| E 70,000 | 1,70,000 | Debtors | 40,000 | |
| General Reserve | 32,000 | Less provision for bad debts | 3,000 | 37,000 |
| | | Investments | | 50,000 |
| | | Cash | | 44,000 |
| | 2,56,000 | | | 2,56,000 |

F will bring Rs. 40,000 as his capital and the other terms agreed upon were :

(i) Goodwill of the firm was valued at Rs. 24,000.

(ii) Land and Building were valued at Rs. 70,000.

(iii) Provision for bad debts was found to be in excess by Rs. 800.

(iv) A liability for Rs. 2,000 included in sundry creditors was not likely to arise.

(v) The capital of the partners be adjusted on the basis of F's contribution of capital to the firm.

(vi) Excess or shortfall, if any, to be transferred to current accounts.

Prepare Revaluation Account, Partner's Capital Accounts and the Balance Sheet of the new firm.

आर, एस तथा टी एक फर्म में साझेदार थे तथा 2 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । 1.4.2004 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

| देयताएँ | | | राशि रु. | सम्पत्तियाँ | राशि रु. |
|---|---|---|---|---|---|
| बैंक ऋण | | | 12,800 | रोकड़ | 51,300 |
| विविध लेनदार | | | 25,000 | प्राप्य बिल | 10,800 |
| पूँजियाँ : | | | | देनदार | 35,600 |
| | आर | 80,000 | | स्टॉक | 44,600 |
| | एस | 50,000 | | फर्नीचर | 7,000 |
| | टी | 40,000 | 1,70,000 | प्लांट तथा मशीनरी | 19,500 |
| लाभ-हानि खाता | | | 9,000 | भवन | 48,000 |
| | | | 2,16,800 | | 2,16,800 |

1.4.2004 को एस ने फर्म से अवकाश ग्रहण किया तथा उसके अंश की गणना सम्पत्तियों के निम्न प्रकार से पुनर्मूल्यांकन करके की गई :

स्टॉक 40,000 रु.; फर्नीचर 6,000 रु.; प्लांट तथा मशीनरी 18,000 रु.; भवन 40,000 रु.; संदिग्ध ऋणों के लिए 1,700 रु. का प्रावधान करना था । फर्म की ख्याति का मूल्यांकन 12,000 रु. किया गया ।

अवकाश ग्रहण करने पर एस को 18,080 रु. नगद भुगतान किया गया तथा शेष का भुगतान उसे तीन बराबर वार्षिक किश्तों में होना था ।

1.4.2004 को पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते, एस का ऋण खाता तथा स्थिति विवरण तैयार कीजिए ।

**अथवा**

डी तथा ई एक फर्म में साझेदार थे तथा 3 : 1 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । 1.4.2007 को उन्होंने फर्म में लाभ में 1/4 भाग के लिए एफ को एक नया साझेदार बनाया । एफ ने अपना अंश अकेले डी से प्राप्त किया । उस तिथि को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार था :

| देयताएँ | | राशि रु. | सम्पत्तियाँ | | राशि रु. |
|---|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 54,000 | भूमि तथा भवन | | 50,000 |
| पूँजियाँ : | | | मशीनरी | | 60,000 |
| डी | 1,00,000 | | स्टॉक | | 15,000 |
| ई | 70,000 | 1,70,000 | देनदार | 40,000 | |
| सामान्य संचय | | 32,000 | घटा संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान | 3,000 | 37,000 |
| | | | निवेश | | 50,000 |
| | | | रोकड़ | | 44,000 |
| | | 2,56,000 | | | 2,56,000 |

एफ अपनी पूँजी के लिए 40,000 रु. लाएगा तथा अन्य शर्तें निम्न प्रकार से थीं :

(i) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन 24,000 रु. किया गया ।

(ii) भूमि तथा भवन का मूल्यांकन 70,000 रु. किया गया ।

(iii) संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान 800 रु. अधिक पाया गया ।

(iv) विविध लेनदारों में सम्मिलित 2,000 रु. की एक देयता का भुगतान नहीं करना था ।

(v) साझेदारों की पूँजी का समायोजन एफ द्वारा फर्म में लाई गई पूँजी के आधार पर होगा ।

(vi) आधिक्य या कमी, यदि कोई हो, को चालू खातों में स्थानान्तरित किया जाएगा ।

पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा नई फर्म का स्थिति विवरण तैयार कीजिए ।

**16.** Janata Ltd. invited applications for issuing 70,000 equity shares of Rs. 10 each at a premium of Rs. 2 per share. The amount was payable as follows :

| | |
|---|---|
| On application | Rs. 4 per share (including premium) |
| On allotment | Rs. 3 per share |
| On first and final call | — Balance. |

Applications for 1,00,000 shares were received. Applications for 10,000 shares were rejected. Shares were allotted to the remaining applicants on pro-rata basis. Excess money received with applications were adjusted towards sums due on allotment. All calls were made and were duly received except first and final call on 700 shares allotted to Kanwar. His shares were forfeited. The forfeited shares were re-issued for Rs. 77,000 fully paid up.

Pass necessary journal entries in the books of the company for the above transactions. 8

**OR**

Shubham Ltd. invited applications for the allotment of 80,000 equity shares of Rs. 10 each at a discount of 10%. The amount was payable as follows :

| | |
|---|---|
| On application | Rs. 2 per share |
| On allotment | Rs. 3 per share |

On first and final call — Balance.

Applications for 1,10,000 shares were received. Applications for 10,000 shares were rejected. Shares were allotted on pro-rata basis to the remaining applicants. Excess application money received on application was adjusted towards sums due on allotment. All calls were made and were duly received. Manoj who had applied for 2000 shares failed to pay the allotment and first and final call. His shares were forfeited. The forfeited shares were re-issued for Rs. 24,000 fully paid up.

Pass necessary journal entries in the books of the company for the above transactions.

जनता लि. ने 10 रु. प्रत्येक के 70,000 समता अंशों के निर्गमन के लिए आवेदन आमन्त्रित किए । अंशों को 2 रु. प्रति अंश के अधिलाभ पर निर्गमित करना था तथा राशि निम्न प्रकार से देय थी :

| | |
|---|---|
| आवेदन पर | 4 रु. प्रति अंश (अधिलाभ सहित) |
| आबंटन पर | 3 रु. प्रति अंश |

प्रथम तथा अन्तिम याचना पर — शेष राशि ।

1,00,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । 10,000 अंशों के लिए आवेदनों को रद्द कर दिया गया । शेष आवेदकों को आनुपातिक आधार पर अंशों का आबंटन किया गया । आवेदन पर प्राप्त अतिरिक्त राशि का समायोजन आबंटन पर देय राशि में कर लिया गया । सभी याचनाएँ माँगी गई तथा प्राप्त हो गई, सिवाय कंवर जिसको 700 अंशों का आबंटन किया गया था, उसने प्रथम तथा अन्तिम याचना का भुगतान नहीं किया । उसके अंशों का हरण कर लिया गया । हरण किए गए अंशों को 77,000 रु. में पूर्ण प्रदत्त पुनः निर्गमित कर दिया गया ।

उपर्युक्त लेनदेनों के लिए कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए ।

अथवा

शुभम लि. ने 10 रु. प्रत्येक के 80,000 समता अंशों के आबंटन के लिए आवेदन आमन्त्रित किए । इन अंशों को 10% के बट्टे पर निर्गमित करना था तथा राशि निम्न प्रकार से देय थी :

| | |
|---|---|
| आवेदन पर | 2 रु. प्रति अंश |
| आबंटन पर | 3 रु. प्रति अंश |

प्रथम तथा अन्तिम याचना पर — शेष राशि ।

1,10,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । 10,000 अंशों के लिए आवेदनों को रद्द कर दिया गया । शेष आवेदकों को आनुपातिक आधार पर अंशों का आबंटन किया गया । आवेदन पर प्राप्त अतिरिक्त राशि का आबंटन पर देय राशि में समायोजन कर लिया गया । सभी याचनाएँ माँगी गईं तथा प्राप्त हो गई, सिवाय मनोज जिसने 2000 अंशों के लिए आवेदन किया था, उसने आबंटन एवं प्रथम तथा अन्तिम याचना का भुगतान नहीं किया । उसके अंशों का हरण कर लिया गया । हरण किए गए अंशों को 24,000 रु. में पूर्ण प्रदत पुनः निर्गमित कर दिया गया ।

उपर्युक्त लेनदेनों के लिए कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए ।

## PART B

### (Analysis of Financial Statements)

### भाग ख

### (वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)

17. The stock turnover ratio of a company is 3 times. State, giving reason, whether the ratio improves, declines or does not change because of increase in the value of closing stock by Rs. 5,000. 1

एक कम्पनी का स्टॉक आवर्त अनुपात तीन गुना है । कारण देते हुए बताइए की अन्तिम स्टॉक की कीमत में 5,000 रु. की वृद्धि से यह अनुपात बढ़ेगा, घटेगा अथवा इसमें कोई परिवर्तन नहीं होगा ।

18. State whether the payment of cash to creditors will result in inflow, outflow or no flow of cash. 1

बताइए कि लेनदारों को रोकड़ में भुगतान से रोकड़ अंतर्वाह, रोकड़ बहिर्वाह अथवा कोई प्रवाह नहीं होगा ।

19. Dividend paid by a manufacturing company is classified under which kind of activity while preparing cash flow statement ? 1

रोकड़ प्रवाह विवरण बनाते समय एक निर्माणक कम्पनी द्वारा लाभांश के भुगतान को आप किस क्रियाकलाप के अन्तर्गत रखेंगे ?

20. Show the major headings on the liabilities side of the Balance Sheet of a company as per Schedule VI Part I of the Companies Act, 1956. 3

कम्पनी अधिनियम, 1956 की सूची VI भाग I के अनुसार एक कम्पनी के स्थिति विवरण में देयताओं की ओर के मुख्य शीर्षकों को दर्शाइए ।

21. From the following information prepare a Comparative Income Statement of Victor Ltd : 4

| | 2006<br>Rs. | 2007<br>Rs. |
|---|---|---|
| Sales | 15,00,000 | 18,00,000 |
| Cost of goods sold | 11,00,000 | 14,00,000 |
| Indirect Expenses | 20% of Gross Profit | 25% of Gross Profit |
| Income Tax | 50% | 50% |

निम्नलिखित सूचना के आधार पर विक्टर लि. का एक तुलनात्मक आय विवरण बनाइए :

| | 2006<br>रु. | 2007<br>रु. |
|---|---|---|
| विक्रय | 15,00,000 | 18,00,000 |
| बेचे गए माल की लागत | 11,00,000 | 14,00,000 |
| अप्रत्यक्ष व्यय | सकल लाभ का 20% | सकल लाभ का 25% |
| आय कर | 50% | 50% |

22. From the following information calculate any ***two*** of the following ratios : 4

(i) Net Profit Ratio

(ii) Debt-Equity Ratio

(iii) Quick Ratio

*Information :*

| | *Rs.* |
|---|---|
| Paid up Capital | 20,00,000 |
| Capital Reserve | 2,00,000 |
| 9% Debentures | 8,00,000 |
| Net Sales | 14,00,000 |
| Gross Profit | 8,00,000 |
| Indirect Expenses | 2,00,000 |
| Current Assets | 4,00,000 |
| Current Liabilities | 3,00,000 |
| Opening Stock | 50,000 |

Closing Stock — 20% more than opening stock.

निम्नलिखित सूचना के आधार पर निम्न में से किन्हीं **दो** अनुपातों की गणना कीजिए :

(i) शुद्ध लाभ अनुपात

(ii) ऋण-समता अनुपात

(iii) तरलता अनुपात

सूचना :

| | रु. |
|---|---|
| प्रदत्त पूँजी | 20,00,000 |
| पूँजी संचय | 2,00,000 |
| 9% ऋणपत्र | 8,00,000 |
| शुद्ध विक्रय | 14,00,000 |
| सकल लाभ | 8,00,000 |
| अप्रत्यक्ष व्यय | 2,00,000 |
| चालू सम्पत्तियाँ | 4,00,000 |
| चालू देयताएँ | 3,00,000 |
| आरम्भिक स्टॉक | 50,000 |

अन्तिम स्टॉक — आरम्भिक स्टॉक से 20% अधिक ।

23. From the following Balance Sheets of Som Ltd. as on 31.3.2006 and 31.3.2007 prepare a Cash Flow Statement : 6

| Liabilities | 2006 Amount Rs. | 2007 Amount Rs. | Assets | 2006 Amount Rs. | 2007 Amount Rs. |
|---|---|---|---|---|---|
| Equity Share Capital | 2,00,000 | 5,00,000 | Fixed Assets | 3,00,000 | 4,50,000 |
| Profit and Loss | 1,25,000 | 25,000 | Stock | 1,00,000 | 1,50,000 |
| 10% Debentures | 1,00,000 | 75,000 | Debtors | 75,000 | 1,25,000 |
| 8% Preference Share Capital | 50,000 | 75,000 | Bank | 45,000 | 65,000 |
| General Reserve | 45,000 | 1,15,000 | | | |
| | 5,20,000 | 7,90,000 | | 5,20,000 | 7,90,000 |

During the year a machine costing Rs. 70,000 was sold for Rs. 15,000. Dividend paid Rs. 24,000.

31.3.2006 तथा 31.3.2007 को सोम लि. के निम्नलिखित स्थिति विवरणों से रोकड़ प्रवाह विवरण बनाइए :

| देयताएँ | 2006 राशि रु. | 2007 राशि रु. | सम्पत्तियाँ | 2006 राशि रु. | 2007 राशि रु. |
|---|---|---|---|---|---|
| समता अंश पूँजी | 2,00,000 | 5,00,000 | स्थायी सम्पत्तियाँ | 3,00,000 | 4,50,000 |
| लाभ-हानि | 1,25,000 | 25,000 | स्टॉक | 1,00,000 | 1,50,000 |
| 10% ऋणपत्र | 1,00,000 | 75,000 | देनदार | 75,000 | 1,25,000 |
| 8% पूर्वाधिकार अंश पूँजी | 50,000 | 75,000 | बैंक | 45,000 | 65,000 |
| सामान्य संचय | 45,000 | 1,15,000 | | | |
| | 5,20,000 | 7,90,000 | | 5,20,000 | 7,90,000 |

वर्ष में एक मशीन जिसकी लागत 70,000 रु. थी, 15,000 रु. में बेची गई । लाभांश भुगतान 24,000 रु. किया गया ।

## PART C
## (Computerised Accountancy)
## भाग ग
## (अभिकलित्र लेखांकन)

**24.** What are the subsystems (types) in the Computerised Accounting System ? 2

अभिकलित्र लेखांकन प्रणाली में उपपद्धति (प्रकार) क्या है ?

**25.** Explain the concept of Data Definition Language (DDL). 2

डाटा डेफिनिशन लैंग्वेज (डी.डी.एल.) संकल्पना को समझाइए ।

**26.** Differentiate between Database and File. 2

डाटाबेस तथा फाइल में अन्तर्भेद कीजिए ।

**27.** What are the limitations of the computerised accounting system ? 3

अभिकलित्र लेखांकन प्रणाली की क्या सीमाएँ हैं ?

**28.** What are the disadvantages of DBMS ? 4

डी.बी.एम.एस. की क्या हानियाँ हैं ?

29. Write the formulae for a spreadsheet to compute the depreciation and written down value of assets. The following are the rates of depreciation : 4+3=7

Plant and Machinery : 20%; Computers : 35%; Furniture : 25%; Motor vehicles : 20%. Round off calculations to the nearest rupee.

| Assets | Opening value | Depreciation | Written down value |
|---|---|---|---|
| Plant and Machinery | 6,25,000 | | |
| Computers | 7,24,000 | | |
| Furniture and Fittings | 99,000 | | |
| Motor Vehicles | 3,89,000 | | |

ह्रास की गणना करने तथा सम्पत्तियों के घटे हुए मूल्य की जानकारी प्राप्त करने के लिए स्प्रेडशीट के सूत्र को लिखिए। ह्रास की दरें निम्नलिखित हैं :

प्लांट तथा मशीनरी : 20%; कम्प्यूटर : 35%; फर्नीचर : 25%; मोटर गाड़ी : 20%। निकटतम रुपए तक गणना करें।

| सम्पत्तियाँ | आरम्भिक मूल्य | ह्रास | घटा हुआ मूल्य |
|---|---|---|---|
| प्लांट व मशीनरी | 6,25,000 | | |
| कम्प्यूटर | 7,24,000 | | |
| फर्नीचर व फिटिंग | 99,000 | | |
| मोटर गाड़ी | 3,89,000 | | |